आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरा होने के उपलक्ष्य में आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेंगे।
- अंडमान निकोबार पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर, उप–राज्यपाल ने कहा कानून प्रवर्तन, अपराध की रोकथाम और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- निर्वाचन आयोग ने द्वीपसमूह में रिक्त हुए पदों को भरने के लिए आठ फरवरी को उप–चुनाव की घोषणा की है।
- रांची में चल रही 69वीं नेशनल स्कूल ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में आइलैंड ट्रैक साइक्लिंग टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरा होने के उपलक्ष्य में आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री भारत के जीवंत स्टार्टअप परितंत्र के सदस्यों के साथ संवाद करेंगे। कुछ स्टार्टअप प्रतिनिधि अपनी उद्यमशीलता यात्रा के अनुभव भी साझा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवाचार को पोषित करने, उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और निवेश–आधारित विकास को सक्षम बनाने के परिवर्तनकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में 16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया का शुभारंभ किया था। पिछले एक दशक में, स्टार्टअप इंडिया भारत की आर्थिक और नवाचार संरचना का महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है।

<><><><><><><>

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने प्रक्रियात्मक औपचारिकताएं पूरी करने के लिए हज यात्रियों और अन्य हितधारकों द्वारा अतिरिक्त समय की मांग अनुरोध पर परामर्श जारी कर इस महीने की 25 तारीख तक अंतिम विस्तार देने की घोषणा की है। मंत्रालय ने हालांकि स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में अब आगे समय विस्तार नहीं होगा। मंत्रालय ने कहा कि इसी विस्तारित अवधि में हज यात्रियों को बुकिंग प्रक्रिया पूरी करनी होगी। हज और उमराह यात्रियों को सऊदी अरब सरकार के आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉर्म नुसुक पोर्टल पर बोर्डिंग सुनिश्चित करानी होगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर, उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने सभी पुलिस कर्मियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कानून प्रवर्तन, अपराध की रोकथाम और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि अंडमान निकोबार पुलिस एक पेशेवर और जन–केंद्रित बल के रूप में विकसित हुई है। सामुदायिक पहलों, जागरूकता कार्यक्रमों, सांस्कृतिक संवादों के अलावा नशे के खिलाफ जागरूकता और साइबर खतरों से निपटने में साइबर अपराध पुलिस स्टेशन द्वारा की जा रही कार्रवाई विशेष रूप से प्रशंसनीय है। उप–राज्यपाल ने कहा कि पुलिस समर्पण, पारदर्शिता, करुणा और साहस के साथ अपनी सेवा जारी रखेगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के मरीना पार्क में 'सी फूड फेस्टिवल–2026' का कल शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने किया। इस अवसर पर मत्स्य सचिव ज्योति कुमारी, दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा मत्स्य निदेशक जगताप कल्याणी राजेंद्र और विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने द्वीपों की समुद्री विविधता और मत्स्य पालन व जलीय कृषि में हुई विकासात्मक गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए मत्स्य विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस अवसर पर सी फूड फेस्टिवल पर एक वीडियो भी लॉन्च किया। इस उपलक्ष्य में जंगलीघाट में नौका दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। 'मिस्टर और मिसेज शेफ' प्रतियोगिता में 20 लोगों ने स्थानीय समुद्री भोजन का उपयोग करके अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। जेएनआरएम के छात्रों के बीच एक समुद्री भोजन जागरूकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। आज समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे। उत्सव के दौरान स्वयं सहायता समूहों, मत्स्य सहकारी समितियों, होटलों और रेस्तरां द्वारा कुल 22 स्टाल लगाए गए हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के निर्वाचन आयोग ने श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के वार्ड संख्या–17 में रिक्त हुए पदों को भरने के लिए आठ फरवरी को उप–चुनाव की घोषणा की है। उप–चुनाव से संबंधित स्थानों की जानकारी जारी कर दी गई है, जिसमें डॉलीगंज, पहाड़गांव और मिनी बे शामिल हैं। इसके अलावा फरारगंज तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत मन्नारघाट के मन्नारघाट–4, ग्राम पंचायत होप टाउन के बम्बूफ्लाट–1, डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत मधुपुर–6, मायाबंदर तहसील के अंतर्गत हरिनगर–01, रंगत तहसील के अंतर्गत बकुलतला–3, और मायाबंदर में जिला परिषद सदस्य के खाली पड़े सीटों के लिए चुनाव कराया जाएगा।

<><><><><><>

रांची में चल रही 69वीं नेशनल स्कूल ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में आइलैंड ट्रैक साइक्लिंग टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। अंडर–17 बालिकाओं की इंडिविजुअल टाइम ट्रायल स्पर्धा में नमिता वायलेट ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि आई. एस. ब्रिटनी ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, अंडर–19 बालिका वर्ग में ब्रिटनी ने रजत पदक और अंडर–17 बालक वर्ग की इंडिविजुअल टाइम ट्रायल स्पर्धा में कुमार लियोनल्ड बेकर ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों का समर्पण, दृढ़ संकल्प और खेल भावना सबके लिए प्रेरणादायक है। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत इस चैंपियनशिप में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><>

राज्य बैडमिंटन रैंकिंग चैंपियनशिप और राज्य एथलेटिक्स एवं पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप को स्थगित चैंपियनशिप के लिए नई तिथि निर्धारित की गई है। अब यह चैम्पियनशिप 31 जनवरी और 1 फरवरी, को श्री विजयपुरम में आयोजित की जाएंगी। सभी संबंधित खिलाड़ियों से गूगल फॉर्म लिंक को भरकर अपनी भागीदारी की पुष्टि करने को कहा गया है।

<><><><><><>

पुलिस स्थापना सप्ताह के अवसर पर, पुलिस थाना रंगत की ओर से एसडीपीओ कप खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ओपन वॉलीबॉल चैंपियनशिप और ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट शामिल थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच संबंधों को मजबूत करना और खेल भावना को बढ़ावा देना था। ओपन वॉलीबॉल चैंपियनशिप में 10 पुरुष टीमों और 03 महिला टीमों ने भाग लिया, जिसमें टीम बेटापुर पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में चैंपियन बनी। एसडीपीओ कप ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष, महिला और जूनियर श्रेणियों सहित कई वर्गों ने भाग लिया।

<><><><><><>

सामुदायिक विकास खंड मायाबंदर की ओर से ग्राम पंचायत पोकाडेरा में 'स्थानीय शासन को सुदृढ़ बनानाः पंचायती राज संस्थानों के सिद्धांतों और उद्देश्यों पर निर्वाचित प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण' विषय पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डोमेन विशेषज्ञ सी. एच. किरण कुमार ने विभिन्न सरकारी योजनाओं और पंचायती राज संस्थानों की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। अपने

संबोधन में, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर किरणमयी रेगुरी ने मजबूत स्थानीय शासन के महत्व और जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में निर्वाचित प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

चिंते लॉन्ग रेंज में छोटे हथियारों से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास कल सुबह साढ़े नौ बजे से दिन में एक बजे तक और शाम चार बजे से पांच बजे तक चलेगा। इसके अलावा रात में साढ़े पांच बजे से साढ़े सात बजे भी अभ्यास जारी रहेगा।

इस बीच, ब्रिचगंज स्थित बफल रेंज में भारतीय तटरक्षक बल की ओर से 30 जनवरी को सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा।

<><><><><><><>